मथुरा में पेप्सिको फूड्स प्लांट

चर्चा में क्यों?

15 सितंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में**पेप्सिको इंडिया कोसी कलां मथुरा प्लांट** का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश सरकार के सहयोग से पेप्सिको द्वारा कोसी कलां में दो वर्ष से भी कम समय में **खाद्य प्रसंस्करण इकाई** की स्थापना की गई है।
- इस प्लांट की स्थापना से **1500 लोगों को प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में लोगों को परोक्ष रूप से रोज़गार** के अवसर प्राप्त होंगे।
- यह **पेप्सिको इंडिया** का भारत में स्थापित **सबसे बड़ा खाद्य प्रसंस्करण प्लांट** है।
- कार्यक्रम के दौरान पेप्सिको द्वारा निर्मित एक लघु फिल्म '**उन्नति की साझेदारी**' भी प्रदर्शित की गई।
- कोसी कलां में 800 करोड़ रुपए से अधिक लागत से स्थापित इस फूड्स प्लांट यूनिट के माध्यम से डेढ़ लाख मीट्रिक टन आलू का प्रति वर्ष प्रसंस्करण किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि **उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक राज्य** है।
- ब्रज क्षेत्र में आगरा एवं अलीगढ़ मंडलों के 8 जनपदों में बड़े पैमाने पर आलू उत्पादन होता है। इस यूनिट की स्थापना इस क्षेत्र के आलू उत्पादक किसानों की आमदनी कई गुना बढ़ाने में सहायक होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pepsico-food-plant-in-mathura